भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2556
10.08.2026 को उत्तर देने के लिए

बिहार में परिवारों की आर्थिक स्थिति और रहन-सहन के स्तर

2556. डा. भीम सिंहः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार बिहार के सभी जिलों में परिवारों की वास्तविक आर्थिक स्थिति और रहन-सहन के स्तर का पता लगाने के लिए जमीनी स्तर पर कोई विशेष सर्वेक्षण अथवा सांख्यिकीय अध्ययन करा रही है; और

(ख) इस प्रकार के सर्वेक्षणों से मिलने वाली जानकारी का उपयोग बिहार के ग्रामीण एवं पिछड़े इलाकों के लिए अधिक प्रभावी तथा सटीक कल्याणकारी योजनाएं बनाने में किस प्रकार किया जा रहा है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री (राव इंद्रजीत सिंह)

(क) और (ख): सरकार, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के माध्यम से, बिहार सहित देशभर में बेरोज़गारी, स्वास्थ्य, शिक्षा, घरेलू उपभोग व्यय, घरेलू पर्यटन, ऋण तथा निवेश आदि से संबंधित संकेतकों पर व्यापक सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण संचालित करती है। यह सर्वेक्षण अखिल भारतीय और राज्य/संघ राज्य क्षेत्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण सांख्यिकीय अनुमान उपलब्ध कराते हैं। तथापि, इन सर्वेक्षणों में जिला स्तर के अनुमानों को पृथक रूप से जारी नहीं किया गया है। एमओएसपीआई विभिन्न मंत्रालयों के अनुरोध पर अपने अतिरिक्त सर्वेक्षण के रणनीतिक अंतराल पर निर्धारित विषयगत सर्वेक्षणों की एक विस्तृत श्रृंखला भी आयोजित करता है। यह सर्वेक्षण महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं जो विकास की निगरानी की सूचना देते हैं और विभिन्न क्षेत्रों में नीतिगत निर्णयों का मार्गदर्शन करते हैं। एमओएसपीआई द्वारा किए गए सर्वेक्षणों की रिपोर्टें इसकी वेबसाइट के माध्यम से सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं और विभिन्न मंत्रालयों द्वारा साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण के लिए उपयोग की जाती हैं।

*****